# राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
## अकेलगढ़ रावतभाटा रोड, कोटा 724010
फोन (0745)–.2477007 फेक्स (0745)–2477077


क्र0: एफ(2)/प्रबंध मण्डल की 48वीं विशेष बैठक /2025/9159-77 दिनांक: 21/3/25

**प्रो. एस.के.सिंह**, कुलपति,राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा/ **श्री अखिल अरोडा,** अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त), वित्त विभाग, शासन सचिवालय,जयपुर/**श्री भानु प्रकाश एटूरु** (आई.ए.एस), प्रमुख शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर/**श्री अंशु कुमार सहगल,** निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय, डब्ल्यू–6 रेजिडेंसी रोड,जोधपुर/ **श्रीमती भावना शर्मा**, कुलसचिव, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा/ **डॉ. संजु तंवर** असिस्टेंट प्रोफेसर, इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा/**डॉ. हरीश शर्मा,** ऐसोसिएट प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजी. विभाग, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा / **प्रो. अजय बिन्दलिश** प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा / **प्रो. डी.के.पलवलिया** प्रोफेसर, इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग विभाग, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा/ **प्रो. मनीषा व्यास** प्रोफेसर, इच.ई.ए.एस. विभाग, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा/ **डॉ. शरद माहेश्वरी,** एम.बी.ए., यांत्रिकी इंजी. विभाग, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा **श्री संजीव बिहारी,** मकान नं.–260,A–ब्लॉक, सेक्टर–71, नोएडा–201701 **श्री संदीप शर्मा जी** माननीय विधायक, कोटा दक्षिण 248, आदर्श कॉलोनी, खेडली फाटक, कोटा/ **श्री ललित मीणा जी** माननीय विधायक, किशन गंज,कॉलेज रोड, बारां जिला बारां

**विषय : प्रबंध मण्डल की 48वीं विशेष बैठक के कार्यवाही विवरण जारी करने के संबंध में ।**

महोदय/महोदया,

दिनांक 19.03.2025 (बुधवार) को सम्पन्न हुई राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा की 48वीं प्रबंध मण्डल की विशेष बैठक के कार्यवाही विवरण अंतिम रूप से जारी कर इस पत्र के साथ संलग्न कर आपको प्रेषित किये जा रहे है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

भवदीय

कुलसचिव एंव
सचिव, प्रबंध मण्डल

# राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल बैठक

## कार्यवाही विवरण

| | |
|---|---|
| बैठक संख्या | : 48वीं बैठक (विशेष) |
| स्थान | : कुलपति सचिवालय का सभा कक्ष |
| दिनांक | : 19.03.2025 (बुधवार) |
| समय | : दोपहर 12.00 बजे |

**दिनांक 19.03.2025 को सम्पन्न हुई प्रबंध मण्डल की 48 वीं विशेष बैठक के कार्यवाही विवरण**

दिनांक 19.03.2025 को सम्पन्न हुई प्रबंध मण्डल की 48 वीं विशेष बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे:–

| | |
|---|---|
| 1. श्री संदीप शर्मा | सदस्य एवं माननीय विधायक |
| 2. श्री ललित मीणा | सदस्य एवं माननीय विधायक |
| 3. श्री हरिशंकर मेवाड़ा, | सदस्य (प्रतिनिधि,प्रमुख शासन सचिव, तक0शि0) |
| 4. श्री आशीष शर्मा | सदस्य (प्रतिनिधि, प्रमुख शासन सचिव, वित्त) |
| 5. श्री संजीव बिहारी | सदस्य |
| 6. प्रो. अजय बिंदलिश | सदस्य |
| 7. डा. शरद माहेश्वरी | सदस्य |
| 8. प्रो. डी.के. पलवलिया | सदस्य |
| 9. प्रो. मनीषा व्यास | सदस्य |
| 10. डॉ. हरीश शर्मा | सदस्य |
| 11. श्रीमती संजु तंवर | सदस्य |
| 12. श्रीमती भावना शर्मा | सचिव |
| 13. प्रो. दिनेश बिरला | विशेष आमंत्रित |
| 14. प्रो. विवेक पाण्डे | विशेष आमंत्रित |

श्री अंशु कुमार सहगल, श्री टी.पी. मीणा बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

सर्वप्रथम मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करने के पश्चात समस्त माननीय सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया। सचिव, प्रबंध मण्डल द्वारा माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए माननीय अध्यक्ष महोदय से आज्ञा लेने के पश्चात बैठक की कार्यसूची विधिवत रूप से प्रारम्भ की गई।

**प्र.म. 48.01 परीक्षा वर्ष 2024 में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी.एचडी. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को चतुर्दशः दीक्षान्त समारोह 2025 में उपाधि अनुग्रहित करने के क्रम में।**

बी.टेक., बी.आर्क, बी.एच.एम.सी.टी., बी.बी.ए., एम.बी.ए., एम.सी.ए., एवं एम.आर्क के वे सभी विद्यार्थी जिन्होने परीक्षा वर्ष 2024 तक अपनी सम्बन्धित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, साथ ही दिनांक 31 जनवरी, 2025 तक उत्तीर्ण/परिणाम जारी हो गये हो, उन्हें विश्वविद्यालय के चतुर्दशः दीक्षान्त समारोह में उपाधि अनुग्रहित किया जाना है। पीएच.डी. पाठ्यक्रम के छात्रों को उपाधि प्रदान किये जाने की अर्हता अन्तिम तिथि दिनांक 10 मार्च 2025 निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है। **(अनुलग्नक 48.1.1 पृष्ठ संख्या 1 से 6 तक)**
अतः माननीय सदस्यो से अनुरोध है कि बी.टेक., बी.आर्क, बी.एच.एम.सी.टी., बी.बी.ए., एम.बी.ए., एम.सी.ए., एम.टेक. एवं एम.आर्क. व पीएच.डी. के वे सभी विद्यार्थी जिन्होनें उपरोक्त तिथियों तक अपनी सम्बन्धित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उन्हें उपाधि अनुग्रहित करने हेतु तथा उपाधि/स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने की तिथि 20 मार्च 2025 दर्ज करने के लिए अकादमिक परिषद् की 40वीं बैठक के निर्णय संख्या 40.01, 40.02, 40.03 एवं 40.04 के अनुसरण में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

साथ ही दिनांक 31 जनवरी 2025 तक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले ऐसे छात्र जिनका डिग्री रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका है, को डिग्री प्रदान करने के लिए माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

चतुर्दशः दीक्षान्त समारोह हेतु पात्र छात्रों की पाठ्यक्रमवार संख्या प्रबन्ध मण्डल के समक्ष उपाधि अनुग्रहित किये जाने हेतु प्रस्तुत है। **(अनुलग्नक 48.1.2 पृष्ठ संख्या 7)**

माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

संकल्प **माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया, तथा चतुर्दश दीक्षान्त समारोह के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों के वर्ष 2024 उत्तीर्ण बैच व अन्य योग्य कुल 9521 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने का अनुमोदन किया गया।**

**प्र.म. 48.02 चतुर्दश दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक व कुलपति स्वर्ण पदक, पात्र छात्रों को प्रदान किये जाने का अनुमोदन।**

माननीय कुलाधिपति महोदय के कार्यालय से प्राप्त अर्द्धशासकीय पत्र संख्या एफ.1(39)आरबी/2016/7927 दिनांक 28.09.2016 में दिये गये निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया जाना है। यह स्वर्ण पदक प्रत्येक वर्ष रोटेशन के आधार पर निर्धारित संकाय के लिए दिया जाना निश्चित किया हुआ है।

माननीय राजभवन के निर्देशों की पालना में विश्वविद्यालय द्वारा अनुपालना रिपोर्ट अपने पत्र संख्या आरटीयू/वीसीएस/एफ(1)5/2016/ दिनांक 29.11.2016 द्वारा प्रस्तुत की जा चुकी है। कुलाधिपति स्वर्ण पदक का रोटेशन रोस्टर भी सूचित किया जा चुका है। उक्त आदेश प्रबन्ध मण्डल की 28वीं बैठक की कार्यसूची संख्या 28.03 पर अनुमोदित किये गये। साथ ही प्रबन्ध मण्डल द्वारा कुलाधिपति स्वर्ण पदक के साथ-साथ बी.टेक. पाठ्यक्रम की समस्त ब्रांचों में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र को कुलपति स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने की भी अनुशंसा की गई थी।

चतुर्दशः दीक्षान्त समारोह 2025 में सत्र 2023-24 (वर्ष 2024) उत्तीर्ण बैच को कुलाधिपति स्वर्ण पदक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में रोटेशन के आधार पर एम. टेक. पाठ्यक्रम में दिया जाना है। अतः वर्ष 2022 में प्रवेशित/नामांकित एम. टेक. पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों में से अधिकतम अंक लाने वाले विद्यार्थी चतुर्दशः दीक्षान्त समारोह 2025 में कुलाधिपति स्वर्ण पदक हेतु योग्य है, जिसने अपना लघुशोध प्रबन्ध दिनांक 31.08.2024 तथा सफलतापूर्वक अपना पाठ्यक्रम 31. 10.2024 तक पूर्ण कर लिया है।

चतुर्दशः दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति व कुलपति स्वर्ण पदक के लिए नियमानुसार योग्य अभ्यर्थियों के नाम निम्नानुसार है :- **(अनुलग्नक 48.2 पृष्ठ संख्या 8 से 9 तक)**

| **क्र.स** | **उत्तीर्ण वर्ष** | **कुलाधिपति स्वर्ण पदक** | **कुलपति स्वर्ण पदक** |
|---|---|---|---|
| 1 | 2024 | आदित्य शर्मा,<br>नामांकन संख्या<br>22E2KTTRM40P600<br>एम.टेक. पाठ्यक्रम<br>ब्रांच-ट्रांसपोर्टेशन इंजी. | रश्मि कुमारी<br>नामांकन संख्या<br>20E1ARITF45P047<br>बी.टेक. पाठ्यक्रम<br>ब्रांच-इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | कौटिल्य इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी एण्ड इंजीनियरिंग, जयपुर | आर्या कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, कूकस, जयपुर |

माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

संकल्प **माननीय सदस्यों द्वारा चतुर्दश दीक्षांत समारोह के लिए कुलाधिपति स्वर्ण पदक एवं कुलपति स्वर्ण पदक एवं साथ ही विभिन्न पाठ्यक्रमों के वर्ष 2024 उत्तीर्ण बैच के योग्य 20 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करने का अनुमोदन किया गया।**

प्र.म. टी. 48.01 **दिनांक 19.03.2025 को सम्पन्न हुई विद्या परिषद की 40वीं विशेष बैठक के कार्यवाही विवरण पारित करना।**

दिनांक 19.03.2025 को सम्पन्न हुई विद्या परिषद की 40वीं विशेष बैठक के कार्यवाही विवरण माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जा रहे है। **(अनुलग्नक टी. 48.01 पृष्ठ संख्या 01 से 06 तक)**

अतः 40वीं विद्या परिषद के कार्यवाही विवरण माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

संकल्प **माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया।**

अन्य बिन्दु **दिनांक 18.02.2025 को सम्पन्न हुई प्रबंध मण्डल की 47वीं विशेष बैठक की कार्यपालना रिपोर्ट (ATR) समय के अभाव के कारण प्रस्तुत नहीं की जा सकी।**

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक का समापन किया गया।

**(प्रो. एस. के. सिंह)**
कुलपति एवं अध्यक्ष
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,
कोटा

**(भावना शर्मा)**
कुलसचिव एवं सचिव
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,
कोटा